मध्य प्रदेश शासन,
लोक सेवा प्रबंधन विभाग,
मंत्रालय भोपाल

क्रमांक 1015/61/लो.से.प्र./2012 भोपाल, दिनांक 6-9-2012

प्रति,

समस्त कलेक्टर
जिला..................
मध्य प्रदेश ।

विषय :– 25 सितम्बर, 2012 को प्रत्येक जिले में एक–एक लोक सेवा केन्द्र प्रारंभ करना।

1. राज्य शासन ने निर्णय लिया गया है कि 25 सितम्बर, 2012 से प्रथम चरण के प्रत्येक जिले में कम से कम एक लोक सेवा केन्द्र (जिला मुख्यालय पर) का औपचारिक रूप से शुभारंभ किया जाये।

2. लोक सेवा केन्द्रों के संचालन के लिए एन.आई.सी.द्वारा सॉफटवेअर विकसित किया गया है। सॉफटवेअर का टेस्टरन चल रहा है और सॉफटवेअर में आ रही समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। हमें पूर्ण विश्वास है कि 10 सितम्बर, 2012 तक सॉफटवेअर से संबंधित अंधिकांश समस्याओं का निराकरण कर लिया जाएगा और यह सॉफटवेअर लोक सेवा केन्द्रों के संचालन के लिए उपयुक्त होगा। लोक सेवा केन्द्र राज्य सरकार की अत्यन्त महत्वपूर्ण पहल है। लोक सेवा केन्द्रों से नागरिकों को मानक प्रक्रिया के तहत सेवाएं सरलता से प्राप्त हो। लोक सेवा केन्द्रों की पहल के कारण प्रचलित प्रशासनिक प्रक्रियाओं मे व्यापक परिवर्तन हो रहा है। लोक सेवा केन्द्रों के सफलतापूर्वक संचालन के लिए आवश्यक है कि नियोजित ढंग से कार्यवाही की जाए।

3. अतः संलग्न चेक लिस्ट अनुसार 25 सितम्बर, 2012 को प्रारंभ हाने वाले लोक सेवा केन्द्रों की तैयारी की समीक्षा कर लें।

4. समीक्षा उपरांत तैयारी पूर्ण होने पर परिशिष्ट–1 का प्रमाण–पत्र एवं परिशिष्ट–2 की Status report सहित लोक सेवा केन्द्र प्रारंभ करने की अनुमति हेतु दिनांक 18.9.2012 तक प्रतिवेदन भेजें।

(इकबाल सिंह बैंस)
प्रमुख सचिव,
लोक सेवा प्रबंधन विभाग

चैक लिस्ट

1.0 केन्द्र का भवन उपयुक्त स्थल पर है और वह लोक सेवा केन्द्र की आवश्यकताओं के अनुरूप है। लोक सेवा केन्द्र के संचालन के लिए आवंटित स्थल न्यूनतम 500 वर्गफिट होना चाहिए।

2.1 लोक सेवा केन्द्र में पेयजल बिजली और शौचालय की व्यवस्था कर ली गई है।

2.2 लोक सेवा केन्द्र पर स्वान तथा इंटरनेट कनेक्टिविटी उपलब्ध है।

2.3 लोक सेवा केन्द्र के संचालक द्वारा निर्धारित मापदंड के अनुसार 5 कर्मचारियों को नियुक्त कर दिया गया है तथा उन्हें लोक सेवा केन्द्र के संचालन हेतु आवश्यक प्रशिक्षण दे दिया गया है।

2.4 लोक सेवा केन्द्र के आपरेटर्स द्वारा सभी सेवाओं के पूर्व में प्राप्त आवेदनों को साफ्टवेयर में दर्ज कर अभ्यास किया जाए अभ्यास के दौरान प्रत्येक सेवा के 5–5 आवेदन पत्र दर्ज किए जाएं। अभ्यास के द्वारा एक दिन में केन्द्र पर 100 आवेदन दर्ज करने की क्षमता प्राप्त की जाना है। इस क्षमता की पुष्टि हेतु केन्द्र पर किन्ही भी दो दिनों में 250 या उससे अधिक आवेदन दर्ज होना चाहिए। दो दिन में 250 आवेदन दर्ज होने पर यह माना जा सकता है कि केन्द्र पर नियुक्त कर्मचारी लोक सेवा केन्द्र में नागरिकों से आवेदन प्राप्त करने में सक्षम हो गए हैं।

3.0 एनआईसी द्वारा विकसित सॉफटवेअर की प्रशासनिक स्तर पर टेस्टिंग कर ली गई है। सभी 52 सेवाओं के न्यूनतम 2–2 आवेदन कम्प्यूटर पर दर्ज कर लिये हैं और उन्हें निर्धारित प्रकिया से निराकृत कर चैक कर लिया जाए। विभागीय अधिकारियों से भी साफ्टवेयर पर उपलब्ध सेवा के आवेदन प्रारूप एवं संलग्नकों के संबंध में चर्चा कर ली जाए कि वे भी इस साफ्टवेयर से संतुष्ट हैं।

4.0 जिले के राजस्व अधिकारियों और अन्य पदाभिहित अधिकारियों के पास कनेक्टिविटी एवं डिजिटल सिग्नेचर उपलब्धता की जानकारी।

परिशिष्ट–1

लोक सेवा केन्द्र – तैयारी/ पूर्णता

प्रमाण–पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि लोक सेवा केन्द्र के लिये–

1. बिजली, पानी एवं शौचालय की उपयुक्त व्यवस्था कर ली गई है।
2. लोक सेवा केन्द्र तथा स्वान का कनेक्शन हो गया है और चालू है। इस समय स्वान पर................. mbps की बेंडविड्थ मिल रही है।
3. लोक सेवा केन्द्र संचालक के पास टाटा/आईडिया/बीएसएनएल .......... ब्राडबैंड कनेक्शन हैं जिसकी बैंडबिथ.................है। लोक सेवा केन्द्र पर स्थापित 3 कम्प्यूटर पर अलग–अलग ——kbps की बेंड बिड्थ मिल रही है।
4. लोक सेवा केन्द्र संचालक ने 5 कर्मचारी नियुक्त कर लिये हैं, जिनके नाम निम्नलिखित अनुसार है:–

   1.
   2.
   3.
   4.
   5.

उपरोक्त 5 कर्मचारियों को लोक सेवा केन्द्र के साफ्टवेयर और प्रशासनिक व्यवस्था के लिए प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इन कर्मचारियों द्वारा 52 सेवाओं में से प्रत्येक सेवा के लिए न्यूनतम 5 आवेदन दर्ज कर लिए गए है। इन कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से टेस्ट रन के दौरान प्रतिदिन 100 से अधिक आवेदन पत्र दर्ज करने की क्षमता प्राप्त कर ली है। इसकी पुष्टि हेतु दिनांक.............. एवं दिनांक........... (दो दिनों में ) 250 से अधिक आवेदन पत्र दर्ज किए गए है।

| | | |
|---|---|---|
| प्रभारी अधिकारी<br>लोक सेवा | जिला प्रबंधक<br>लोक सेवा | जिला सूचना विज्ञान केन्द्र अधिकारी |

दिनांक .................... को लोक सेवा केन्द्र का शुभारंभ किया जाना प्रस्तावित है। इस लोक सेवा केन्द्र के भवन का मैंने निरीक्षण कर लिया है। भवन का क्षेत्रफल लगभग............. वर्गफिट है । यह भवन लोक सेवा केन्द्र संचालन के लिए उपयुक्त है और इसमें लोक सेवा केन्द्र की समस्त गतिविधियॉ संचालित हो सकती हैं।

कलेक्टर

परिशिष्ट–2

## Status Report

1. जिले में प्रथम चरण में प्रारंभ किए जा रहे लोक सेवा केन्द्र ....................से संबंधित पदाभिहित अधिकारियों के पास उपलब्ध कम्प्यूटर, नेटवर्क और डिजिटल सिग्नेचर के संबंध में जानकारी निम्नानुसार है:–

| अधिकारी का नाम /पद | पदनाम | कम्पयूटर उपलब्ध है। हॉ/ नहीं | कम्प्यूटर नेटवर्क उपलब्ध है। हॉ/ नहीं | डिजिटल सिग्नेचर उपलब्ध है। हॉ/ नहीं |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

2. सभी 52 अधिसूचित सेवाओं का टेस्ट रन जिले में किया गया। टेस्ट रन के दौरान विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। टेस्ट रन के दौरान यह देखा गया कि साफ्टवेयर में सेवा प्रदान करने के लिए निर्धारित आवेदन का प्रारूप एवं उसके साथ लगने वाले संलग्न उपयुक्त हैं। निम्नलिखित अनुसार कॉलम 2 में बताई गई सेवा के संबंध में कॉलम 3 में बताई गई कठिनाई/समस्या है:–

| क्र. | सेवा का नाम | समस्या |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| | | |

प्रभारी अधिकारी
लोक सेवा

जिला प्रबंधक
लोक सेवा

जिला सूचना विज्ञान केन्द्र अधिकारी